# गंदगी देख भड़के ऊर्जा मंत्री, बोले कचरे के ढेर दिखे तो कार्रवाई होगी

## सालभर से बंद सामुदायिक शौचालय को तोड़कर नया बनाने के निर्देश, कहा-दो महीने में शुरू हो

**कोटा, (निसं)।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर रविवार को सुबह-सुबह सांगोद नगर की विभिन्न बस्तियों में औचक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान कई जगहों पर गंदगी के ढेर देखकर मौजूद नगरपालिका अधिकारियों पर भड़क उठे। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि दोबारा कचरे के ढेर दिखे तो अधिकारियों पर कार्रवाई होगी।

ऊर्जा मंत्री वार्ड 21 में रैगर बस्ती, रामदेव मंदिर के आसपास क्षेत्र में पहुंचे। जहां साल भर से बंद सामुदायिक शौचालय को शुरू करने के लिए कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि इसे तोड़कर दो महीने में आधुनिक शौचालय बनाकर शुरु किया जाए। इसके बाद संस्कृत विद्यालय के आसपास गंदगी पर भी मंत्री नागर ने नाराजगी जताई। हरिजन बस्ती में रोड पर रखे कचरा पात्र से आसपास कचरा बिखर रहा था। जिस पर मंत्री नागर ने बड़ा कचरा पात्र रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दोबारा यहां कचरा फैला हुआ नहीं दिखना चाहिए। कई खाली प्लॉट में गंदगी के ढेर लगे थे और उसमें जानवर घूम रहे थे। मंत्री नागर ने नगर पालिका अधिकारियों को बुलाकर प्लॉट मालिकों को नोटिस देने के लिए कहा। वहीं इन प्लॉट्स में जाली लगाकर गंदगी और जानवरों को रोकने के लिए भी निर्देशित किया। रिवरफ्रंट बाईपास पर चल रहे नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

उन्होंने निर्माण कार्य को समय पर पूर्ण करने और गुणवत्तापूर्ण करने को कहा। इस अवसर पर उप प्रधान ओम नागर अडूसा, जिला उपाध्यक्ष दिलीप गर्ग, मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सोनी, देहात मंडल अध्यक्ष मुरारी मेहता, नेता प्रतिपक्ष रामावतार वर्मा, महेंद्र शर्मा, केके गर्ग, बुद्धि प्रकाश राठौर, प्रदीप सोनी, फूलचंद नागर, गजानन गौड़, बृज बिहारी गौड़, बनवारी गौतम, भरत पिपलिया, सतीश गौतम, सतीश कुमावत, जितेश सुमन, परमानंद सुमन, प्रदीप जेलिया, जितेंद्र मीणा समेत कई लोग मौजूद रहे।



ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने गंदगी देख नाराजगी जताई है।

- **सांगोद में विभिन्न बस्तियों में घूमे मंत्री नागर, गंदगी से अटे प्लॉट मालिकों को नोटिस देने के लिए कहा**

**अस्पताल में पर्ची काउंटर बढ़ाएं:-** मंत्री नागर राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय सांगोद पहुंचे। वहां पर पर्ची काउंटर पर आउटडोर मरीजों की भीड़ देखकर उन्होंने पर्ची काउंटर बढ़ाने के निर्देश दिए। चिकित्सालय प्रभारी रविकांत मीणा से कहा कि फिलहाल टीन शेड के नीचे आउटडोर की पर्ची के लिए काउंटर बनाया जाए। जिससे मौसमी बीमारियों के मरीज की संख्या दो हिस्सों में बंट जाएगी और ज्यादा देर खड़े नहीं रहना पड़ेगा।

**प्रशासन शहरों के संग अभियान की करें तैयारी:-** ऊर्जा मंत्री नागर ने नगर पालिका अधिकारियों को प्रशासन शहरों के संग अभियान की पूरी तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान से पूर्व प्री कैम्प लगेंगे। कैंप की पूरी गाईडलाइंस की स्टडी करके रखें। पट्टा निर्माण की पुरानी फाईलों का भी अध्ययन करें। अभियान का अधिकतम प्रचार किया जाए ताकि अधिकतम लोगों को इसका लाभ मिल सके। इस दौरान नगर पालिका के ईओ मनोज मालव, बिजली विभाग के एईएन प्रमोद यादव, नायब तहसीलदार, एसएचओ समेत विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

# गोवर्धन जी के राधाकुंड में सचिन पायलट का जन्मदिन मनाया



राधाकुंड में पीसीसी मेंबर क्रांति तिवारी ने सचिन पायलट के जन्मदिवस पर भजन में लीन रहने वाली माताओं को कोटा डोरिया की साड़ियां भेंट की।

**कोटा, (निसं)।** राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री और पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट का जन्म दिवस उनके समर्थकों के द्वारा ब्रजभूमि में गोवर्धनजी तलहटी स्थित राधाकुंड में आस्था और उत्साह से मनाया गया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य क्रांति तिवारी ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्रजभूमि पर सचिन पायलट का जन्मदिवस मनाकर उनके दीर्घायु तथा उन्नति की कामना की है।

इस दौरान क्रांति तिवारी ने राधाकुंड में रहने वाली भजनार्थी माताओं को कोटा डोरिया की साड़ियां भेंट की हैं। तिवारी ने बताया कि हम हर साल सचिन पायलट का जन्मदिवस ब्रज भूमि पर मनाते हैं।

इस बार राधा कुंड में रहकर भजन में लीन रहने वाली सैकड़ों माताओं को सचिन पायलट के जन्मदिवस पर उपहार में कोटा डोरिया साड़ी भेंट की गई हैं। सचिन पायलट की लोकप्रियता राजस्थान से बाहर पूरे भारत में है। यहां रहनेवाली माताएं भी सचिन पायलट के नाम से वाकिफ हैं और उन्होंने भी पायलट साहब को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

इस दौरान तिवारी के साथ हर्ष शर्मा और दीपक खाजोतिया मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# फिजियो वॉक-2025 के से स्वास्थ्य का संदेश दिया

**कोटा, (निसं)।** विश्व फिजियोथेरेपी दिवस 8 सितंबर के उपलक्ष्य में फिजियोथैरेपी के महत्व को उजागर करने और स्वास्थ्य का संदेश देने के लिए फिजियो वॉक 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के फिजियोथेरेपिस्ट व उनसे जुड़े स्वास्थ्य प्रेरकों ने भाग लिया। हाड़ौती फिजियोथेरेपिस्ट प्रोफेशनल की ओर से रविवार को सुबह झालावाड़ रोड़ स्थिति आईएल चौराहे पर पेट्रोल पम्प के पास से जागरुकता दौड़ फिजियो वॉक का पहली बार आयोजन किया गया जिसमें 400 से अधिक फिजियो ने भाग लिया। जिसके मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ.संगीता सक्सेना एवं डॉ.अशोक शारदा रहे, जिन्होंने गुब्बारे उड़ाकर, दौड़ को हरी झंडी दिखाई। डॉ.संगीता सक्सेना ने सम्बोधन में कहा कि कोटा के लोगों को फिटनेस के लिए जागरुक करें। आज के परिपेक्ष्य में चिकित्सकों के उपचार के बाद फिजियोथेरेपी का महत्व बढ़ गया है। डॉ.अशोक शारदा ने कहा कि यह पहला कार्यक्रम हैं प्रत्येक मरीज को दवा के साथ उचित फिजियोथैरेपी उपचार मिले तो उसके परिणाम और भी अच्छे होते हैं। जैसे हमारी लाईफ स्टाईल बिगड़ती जा रही है, उम्र बढ़ती जा रही है, ऐसे में क्वालिटी फिजियोथेरेपी की आवश्यकता बढ़ती चली जा रही है। पहले डॉक्टर रेफर नहीं कर पाते थे, लेकिन अब बहुत सारी फिजियो स्पेशलिटी डवलप हो गई है और माइक्रो लेवल पर अच्छा काम हो रहा है, जिससे रिकवरी जल्दी हो रही है। यह मानव सेवा का भी अच्छा कार्य है। वहीं डॉ.मामराज अग्रवाल ने कहा कि फिजियोथेरेपी का भविष्य उज्जवल है। पहले इसका महत्व नहीं था लेकिन अब इस विधा का महत्व बढ़ता जा रहा है, आम आदमी और चिकित्सक भी जानता है कि फिजियोथेरेपी आवश्यक है। पेशेंट को बहुत फायदा होता है। डॉ.राकेश जिंदल ने कहा कि मेडिकल मे सभी विभागों मे महत्वपूर्ण हिस्सा है फिजियोथेरेपी विभाग, आपका रोल बहुत बड़ा हो गया है।

# स्मार्ट मीटर एवं विद्युत निजीकरण को लेकर विरोध प्रदर्शन आज

**कोटा, (निसं)।** बकाया भुगतान को लेकर जेके मजदूरों का रविवार को भी जिला कलेक्ट्री के बाहर धरना जारी रहा।

धरने को संबोधित करते हुए माकपा जिला सैकेटरी हबीब खान ने बताया कि सोमवार को जेके मजदूर व आमजन अग्रसेन चौराहे से रैली निकालते हुए खाई रोड स्थित बिजली विद्युत निगम कार्यालय पर पहुंचेंगे, जहां पर स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर सरकार का विरोध किया जायेगा ओर प्रतिनिधि मंडल द्वारा मुख्य अभियंता को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा।

वहीं सीटू के मिडिया प्रभारी मुरारीलाल बैरवा ने बताया की रविवार को जिला कलेक्ट्रेट पर जेके मजदूरों का धरना बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर 202वें दिन भी जारी रहा।

- **जे.के. मजदूरों का धरना जारी रहा**


कामरेड अशोक सिंह ने जिला कलेक्ट्री के बाहर धरना स्थल पर मजदूरों को संबोधित किया।

धरने को मजदूर नेता कामरेड उमाशंकर, कामरेड नरेंद्रसिंह, कामरेड मदन मोहन शर्मा, कामरेड अशोकसिंह, कामरेड गोपाल शर्मा, कामरेड अली मोहम्मद, कामरेड केदार जोशी, कामरेड हनुमान सिँह ओर जेके मजदूर नेता ओर सीपीआईएम के जिला सैकेक्ट्री कामरेड हबीब खान ने सम्बोधित किया।

## सार-समाचार

### फार्मर आईडी कैंप का आयोजन पुनः होगा

**रामगंजमण्डी, (निसं)।** तहसील रामगंजमंडी व चेचट के समस्त किसानों को सूचित किया जाता है कि वर्तमान में फार्मर रजिस्ट्री कार्यक्रम कैंप लगाकर संपन्न किया जा चूका है। परन्तु अभी भी लगभग 25 प्रतिशत किसानों द्वारा फार्मर आईडी नहीं बनवाई है। उक्त जानकारी देते हुए श्रीमती नेहा वर्मा तहसीलदार रामगंजमण्डी ने बताया कि जिन किसान भाईयों/बहिनों की अभी तक फार्मर आईडी नहीं बनी है वह ई- मित्र पर जाकर अपनी फार्मर आईडी बनवा सकता है तथा उपखंड के समस्त पंचायत मुख्यालय पर पुनः कैंप का आयोजन किया जा रहा है। वहां पर भी किसान भाई और बहिन अपनी फार्मर आई डी बनवा सकता है। उसके लिए नक़ल, जमाबंदी, आधार कार्ड व ओटीपी हेतु अपना चालू मोबाईल साथ लेकर जावें। जिन किसान द्वारा फार्मर आईडी नहीं बनवाई जावेगी, संभवतया: उनको प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना की आगामी क़िस्त का लाभ देय नहीं होगा। अत: समस्त किसान भाईयों/बहिनों से अपील की जाती है की अपनी अपनी फार्मर आईडी बनवा लें और फार्मर आईडी बनाने में कोई समस्या आये तो सम्बंधित हल्का पटवारी से या तहसील कार्यालय में संपर्क करे।

### युवती ने आत्महत्या की

**कोटा, (निसं)।** उद्योग नगर थाना इलाके में एक युवती ने घर में फांसी का फन्दा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका युवती चन्द्रशेखर अफॉर्डेबल योजना निवासी सिमरन (23) ने घर में फांसी का फन्दा लगा लिया। जानकारी के अनुसार युवती रविवार को जब काफी देर तक नही उठी तब परिजनो ने दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई जबाब नही देने दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो युवती फंदे पर लटकी हुई थी। युवती को अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। उघोग नगर थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि चन्द्रशेखर अफॉर्डेबल योजना निवासी सिमरन (23) ने घर में फांसी का फन्दा लगा लिया। थानाधिकारी ने बताया कि आत्महत्या के पीछे कोई कारण सामने नही आया है। मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### महिला ने सुसाईड किया

**कोटा, (निसं)।** बोरखेड़ा थाना इलाके में विवाहिता महिला ने घर में फांसी का फन्दा लगा कर सुसाईड़ कर लिया। बोरखेड़ा थानाधिकारी देवेश भारद्वाज ने बताया कि इलाके के देवाशीष सिटी निवासी रिचा चौधरी (45) ने घर में फांसी का फन्दा लगाकर आत्महत्या कर ली। थानाधिकारी ने बताया कि महिला का पति दुबई में नौकरी करता है, महिला अपने पिता व बच्चों के साथ रहती थी। मामले में सामने आया कि महिला को डिप्रेशन की बीमारी थी। आत्महत्या के पीछे प्रथम दृष्टा से मानसिक तनाव का मामला सामने आ रहा है। मृतका के शव को एमबीएस अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में रखवा दिया है। मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### कोटा-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस 26 को आंशिक निरस्त

**कोटा, (निसं)।** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कोटा सौरभ जैन ने बताया कि उत्तर पश्चिम रेलवे के सूरतगढ़-बीकानेर खंड में आधारभूत संरचना कार्य के चलते 26 सितम्बर 2025 को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से चलने वाली गाड़ी संख्या 22981 कोटा-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस को बीकानेर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा तथा बीकानेर-श्रीगंगानगर स्टेशनों के बीच इसका संचालन निरस्त रहेगा। रेलवे प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि यात्रा की योजना बनाते समय उपरोक्त परिवर्तनों को ध्यान में रखें। अधिक जानकारी के लिए यात्री रेलवे की आधिकारिक वेबसाईट अथवा एनटीईएस मोबाइल ऐप का उपयोग करें।

### हृदय रोग पर कार्यशाला

**कोटा, (निसं)।** वरिष्ठ नागरिक संस्थान की सावधिक मीटिंग रविवार को संपन्न हुई। अध्यक्ष टीपीएस सेठी ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी और बताया कि सदस्यों के स्वास्थ्य लाभ के लिए शहर के प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ.सिद्धार्थ सेठी को आमंत्रित किया गया है। डॉ.सेठी ने हृदय रोग संबंधी जानकारी, कारण, निवारण और सावधानियों के बारे में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के साथ पूर्ण कार्यशाला आयोजित की तथा सदस्यों द्वारा पूछे गए सवालों के संतुष्टिपूर्वक जवाब दिए।

# त्यौहारों पर अजमेर-रांची-अजमेर साप्ताहिक विशेष ट्रेन का संचालन

**कोटा, (निसं)।** त्यौहारी सीजन में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा अजमेर-रांची-अजमेर के मध्य साप्ताहिक त्यौहार विशेष ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 09619 (अजमेर-रांची) का संचालन 26 सितम्बर 2025 से 28 नवम्बर 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को कुल 10 फेरे के लिए किया जाएगा। यह ट्रेन अजमेर स्टेशन से प्रत्येक शुक्रवार रात्रि 23.05 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मार्ग में अगले दिन 03.40 बजे सवाई माधोपुर, 05.25 बजे सोगरिया, 06.18 बजे बारां, 07.08 बजे छाबरा गूगोर, 08.40 बजे रूठियाई स्टेशनों पर ठहरते हुए रविवार सुबह 07.30 बजे रांची पहुंचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09620 (रांची-अजमेर) का संचालन 28 सितम्बर 2025 से 30 नवम्बर 2025 तक प्रत्येक रविवार को कुल 10 फेरे के लिए किया जाएगा। यह ट्रेन रांची स्टेशन से प्रत्येक रविवार प्रात: 09.15 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मार्ग में अगले दिन 08.48 बजे रूठियाई, 09.08 बजे छाबरा गूगोर, 09.53 बजे बारां, 10.55 बजे सोगरिया एवं 13.25 बजे सवाईमाधोपुर स्टेशनों पर ठहरते हुए सोमवार को 18.35 बजे अजमेर पहुंचेगी।

यह गाड़ी रास्ते में दोनों दिशाओं में अजमेर जंक्शन, किशनगढ़, जयपुर जंक्शन, दुर्गापुरा, सवाई माधोपुर, सोगरिया, बारां, छाबरा गूगोर, रूठियाई जंक्शन, गुना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, ब्योहारी, बरगवां, सिंगरौली, ओबरा डैम, चोपन, रेनुकूट, गढ़वा रोड़ जंक्शन, डाल्टनगंज, बरवाडीह जंक्शन, लातेहार, टोरी, लोहरदगा एवं रांची स्टेशनों पर ठहराव लेकर गंतव्य को जाएगी।

**कोच संरचना:-** इस विशेष ट्रेन में 07 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 03 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी-सह-द्वितीय श्रेणी के डिब्बे सहित कुल 20 डिब्बे होंगे। यात्रियों से अपील है कि यात्रा से पूर्व गाड़ियों की स्थिति, समय एवं ठहराव की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे की आधिकारिक वेबसाईट अथवा एनटीईएस मोबाइल ऐप का उपयोग करें।

# 251 फलदार व छायादार पौधे लगाए

**कोटा, (निसं)।** ग्रीन आर्मी वेलफेयर सोसाइटी कोटा एवं एसएसआई एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को लव-कुश वाटिका में भव्य पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुल 251 फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए।

इन पौधों की आगामी तीन वर्षों तक देखरेख ग्रीन आर्मी करेगी, वहीं एसएसआई एसोसिएशन समय-समय पर सुपरविजन करेगी।

कार्यक्रम में ग्रीन आर्मी से चेयरपर्सन मंजू जैन एवं सचिव रितेश जैन, अंकुर गोधा, सुबोध जैन, सुचिता जैन, रजनीश मोहता, हरमीत सिंह आनंद, योगेश मेहता (आरके फिल्म), इंजीनियर प्रीतम, शुभम गुप्ता, शुभम जैन, केसरमल, राजेंद्र सिंह हाड़ा, बोदूराम, खेमराज, घनश्याम उपस्थित रहे। एसएसआई एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष मनोज राठी, संस्थापक अध्यक्ष गोविंदराम मित्तल, पूर्व अध्यक्ष विट्ठल मुँदड़ा, अनिल मूंदड़ा, अशोक माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष दिनितन गुप्ता, कार्यक्रम निदेशक समीर सूद, रजनीश मोहता सहित कई गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

# स्व. विमला सिंह की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित

**कोटा, (निसं)।** समाजसेवी विशाल सिंह की माताश्री स्व. विमला सिंह की 21वीं पुण्यतिथि पर रविवार को भारत सीनियर सेकेंडरी स्कूल नयापुरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 61 यूनिट ब्लड रक्तदान हुआ। अतिथि स्वागत युवा समाजसेवी विशाल सिंह, प्रकाश चंद्र सिंह एवं प्रियंका सिंह डायरेक्टर स्कूल ने किया।

रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करने के लिए, राजस्थान वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ.अरुण चतुर्वेदी मुख्य अतिथि एवं भाजपा झालावाड़ के जिला प्रभारी छगन माहुर विशिष्ट अतिथि एवं राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल के शिक्षा प्रोत्साहन प्रन्यासी अरविंद सिसोदिया, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष किसन पाठक, गौ सेवा हिम्मत सिंह, पार्षद सुनील गौतम आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

- **रक्तदान शिविर में 61 यूनिट ब्लड डोनेशन हुआ**


कोटा में रक्तदान शिविर में राजस्थान वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने शामिल होकर उत्साहवर्धन किया।

मुख्यअतिथि डॉ अरुण चतुर्वेदी नें इस अवसर पर संझिप्त विचार में कहा कि 'रक्तदान सबसे बड़ा दान है, महादान है, यह किसी के जीवन को बचाने वाला पुण्य है, रक्तदान को जीवन शैली की एक पवित्र आदत के रूप में विकसित करना चाहिए, समाज सेवा का यह सर्वश्रेष्ठ उपक्रम है।

रक्तदान शिविर में प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतीश चौधरी, पूर्व देहात जिला उपाध्यक्ष अतिश सक्सेना, रेलवे कॉलोनी मंडल भाजपा अध्यक्ष महेंद्र सिंह निर्भय, विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष गोपाल चौबे एडवोकेट, एडवोकेट हरीश शर्मा, हरिकांत लवानिया पुरुषोत्तम दाधीच, अमित गौतम सहित बड़ी संख्या में जय हो ग्रुप के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कोटा जिला प्रभारी मंत्री ने अत्यधिक वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया

**कोटा, (निसं)।** कोटा जिले के प्रभारी एवं सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने रविवार को जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों एवं क्षतिग्रस्त सड़कों का दौरा कर हालात का जायजा लिया। दक ने जलभराव की समस्या के स्थाई समाधान के उपायों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से चर्चा की।

दक पिछले दिनों हुई अत्यधिक वर्षा के बाद जलभराव से प्रभावित रहे देवली अरब के कौटिल्य नगर पहुंचे और वहां स्थानीय लोगों से बात कर उनकी समस्याएं जानी। दक ने जिला कलेक्टर को कौटिल्य नगर क्षेत्र में नाले पर से अतिक्रमण हटाकर उसकी चौड़ाई बढ़ाने, जल निकासी का स्थाई समाधान निकालने एवं क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत करने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों एवं लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी ने हर वर्ष इस क्षेत्र में होने वाले जल भराव की समस्या के स्थाई समाधान के लिए डाइवर्जन चैनल बनाकर यहां आने वाला ऊपरी इलाकों का पानी आलनिया बांध में डायवर्ट करने का सुझाव दिया।

- **जल भराव की समस्या के स्थाई समाधान, क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत के निर्देश**


कोटा जिला प्रभारी मंत्री ने अत्यधिक वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करके आवश्यक निर्देश दिए हैं।

प्रभारी मंत्री ने जिला कलक्टर एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में शीघ्र ही प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। जलभराव वाले क्षेत्रों में सीसी रोड़ बनाएं-प्रभारी मंत्री ने न्यू मोटर मार्केट के सामने पॉलिटेक्निक लिंक रोड़, नयापुरा स्थित चंबल नदी पर बने पुलिया सहित अन्य क्षतिग्रस्त सड़कों का जायजा लिया और केडीए एवं निगम अधिकारियों को क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में जहां पानी एकत्र होने से बार-बार सड़क क्षतिग्रस्त होने की शिकायत आती है वहां सीसी रोड़ बनाई जाए ताकि लंबे समय तक चले।

पेवर रोड के कार्य शीघ्र शुरू होंगे- केडीए अभियंताओं ने बताया कि अत्यधिक खराब सड़कों पर अभी पैचवर्क का कार्य किया जा रहा है। पेवर सड़क के प्रस्तावों को मंजूरी मिल गई है और टेंडर निकाल दिए गए हैं, बारिश का मौसम खत्म होते ही पेवर रोड बनाई जाएगी। प्रभारी मंत्री के दौरे में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी, भाजपा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष हेमंत विजय, जिला कलेक्टर पीयूष समारिया सहित निगम, केडीए एवं जिला प्रशासन के अधिकारी व जन प्रतिनिधि साथ रहे।

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक-1510 **जाहिर आम सूचना** दिनांक:- 4.9.25

आवास संख्या 1-न-22 विज्ञान नगर, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री प्रसन्नजीत पी.डी. जैन पुत्र श्री अजीत पी.डी.जैन को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री प्रसन्नजीत पी.डी. जैन पुत्र श्री अजीत पी.डी.जैन द्वारा दिनांक 22.12.1990 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री प्रसन्नजीत पी.डी.जैन पुत्र श्री अजीत पी.डी.जैन की मृत्यु दिनांक 05.06.2016 को एवं इनकी पत्नी श्रीमती तारावती जैन की मृत्यु दिनांक 14.02.2025 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों मे श्रीमती गुंजन जैन पुत्री स्व.श्री प्रसन्नजीत प्रसाद जैन पत्नी श्री नितिन कुमार जैन एवं श्रीमती शिल्पा जैन पुत्री स्व.श्री प्रसन्नजीत प्रसाद जैन पत्नी श्री आशीष जैन द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड आलेखित कर दिनांक 15.03.2025 को श्री प्रमित कुमार जैन पुत्र स्व.श्री प्रसन्नजीत प्रसाद जैन के पक्ष में किया गया। श्री प्रमित कुमार जैन पुत्र स्व.श्री प्रसन्नजीत प्रसाद जैन द्वारा इस कार्यालय में, प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-न-22 विज्ञान नगर, कोटा को उक्त आवास को हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड के आधार पर श्री प्रमित कुमार जैन पुत्र स्व.श्री प्रसन्नजीत प्रसाद जैन के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री प्रमित कुमार जैन पुत्र स्व.श्री प्रसन्नजीत प्रसाद जैन के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री प्रमित कुमार जैन पुत्र स्व.श्री प्रसन्नजीत प्रसाद जैन के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा